# मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है भजन लिरिक्स

मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।bd।

---

सरकार मेरी तुमसे दिल जबसे लगाया है,
तेरे तिरछे नैनो ने मेरा चैन चुराया है,
प्यारी सूरत उनकी जा लेने वाली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।bd।

---

ना जाने क्या उसने जादू कर डाला है,
जहाँ देखूं दिखता वो मेरा मुरलीवाला है,
मेरे जीवन में अब हर दिन ही दिवाली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।bd।

---

हर दिल में वो बसता जिससे मैं प्यार करूँ,
'राजन' सांवरिया का कैसे ऐतबार करूँ,
'माहि' देखा जाएगा जो प्रीत लगा ली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।bd।

---

मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।bd।

**Singer – Rajan Madaan**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com